GMVN

गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0
74/1 राजपुर रोड, देहरादून।
CIN – U31101UR1976SGC004259

आवेदन करने की अंतिम तिथि
12-03-2024 साँय 5.00 बजे से

पत्रांक: 2267/III-200/ (INV)

दिनांक 28/02/2024

**Terms of Expression Of Interest**

गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0 द्वारा ऑनलाइन टॅक्सी सेवा उपलब्ध कराने हेतु टॅक्सी संचालक फ़र्म के साथ अनुबंध किया जाना है। इच्छुक टॅक्सी ऑपरेटर कंपनी/ फ़र्म को Expression of Interest के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। उक्त कार्य हेतु आवश्यक विवरण निम्न प्रकार है

**आवश्यक आहर्ताएं (Qualification)**

1. आवेदन करने वाली कंपनी/फ़र्म के पास टॅक्सी संचालन का कम से कम 5 वर्ष का Experience होना आवश्यक है।
2. आवेदन करने वाली कंपनी/फ़र्म के पास अपनी Fleet of Taxis में कम से कम 100 (एक सौ मात्र) Taxis होना अनिवार्य है अथवा अन्य अन्य टॅक्सी मालिकों द्वारा आवेदन करने वाली कंपनी/फ़र्म के साथ टेकसी संचालन हेतु अनुबंध होना अनिवार्य है।
3. टॅक्सी बुकिंग हेतु आवेदक फ़र्म/ कंपनी के पास स्वयं का ऑनलाइन बूकिंग पोर्टल होने अनिवार्य है।
4. आवेदक फ़र्म/ कंपनी के पास स्वयं का टोल फ्री संख्या एवं कॉल सेंटर होना अनिवार्य है।
5. आवेदक फ़र्म/ कंपनी द्वारा ऑनलाइन भुगतान प्राप्त करने एवं रिफ़ंड भी ऑनलाइन किए जाने की सुविधा होनी अनिवार्य है।
6. बुकिंग एवं निरस्त करने की दशा में ग्राहक को SMS/ Email के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराई जानी अनिवार्य होगी।
7. आवेदक फ़र्म/ कंपनी किसी भी राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय सरकार के उपक्रम द्वारा Black List नहीं की गई हो।

**अन्य शर्तें**

8. निगम के पोर्टल/ अथवा निगम के कॉल सेंटर द्वारा चयनित फ़र्म की टॅक्सी सेवा बुक करने पर बूकिंग धनराशि का 5% (पाँच प्रतिशत मात्र) कमीशन चयनित फ़र्म/ कंपनी द्वारा निगम को देय होगी। GST एवं अन्य टेक्स अतिरिक्त होगी।
9. निगम के पोर्टल से की गई बुकिंग का कमीशन/ भुगतान प्रत्येक माह के आगामी माह की 15 तारीख तक में निगम के बेंक खाते में हस्तांतरित करने होगा जिसका विवरण ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।
10. आवेदक फ़र्म/ कंपनी को अनिवार्य आहर्तएँ होने का प्रमाण स्वरूप ऑनलाइन बूकिंग, पेमेंट गेटवे एवं कॉल सेंटर का डेमो (Demo) निगम मुख्यालय में प्रदर्शित करना होगा।
11. आवेदक फ़र्म/ कंपनी को बूकिंग एवं निरस्त करने की समस्त सेवा शर्तें एवं Service Level Agreement को स्पष्ट रूप से अपनी वेब साइट पर देना अनिवार्य होगा।
12. किसी भी दशा में सेवा शर्तें एवं Service Level Agreement में बदलाव करने की पूर्वानुमती निगम से लेनी होगी।
13. आवेदक फ़र्म/ कंपनी को भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देश एवं नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। सेवा शर्तें एवं नेगोसिएशन के उपरांत निर्धारित की गई सेवा शर्तें स्पष्ट की जाएंगी।
14. चयनित फ़र्म/ कंपनी द्वारा निगम को अपने Web Portal पर dashboard निगम को उपलब्ध करना होगा जिसमें निगम द्वारा की गई बुकिंग, निरस्त बुकिंग, भुगतान, रिफ़ंड आदि का Status उपलब्ध होगा।
15. किसी भी ग्राहक/ पर्यटक द्वारा निगम के पोर्टल से की गई बुकिंग के उपरांत तथा सेवा प्राप्त करने पर किसी भी प्रकार की शिकायत/ अनुरोध का निवारण पंद्रह दिन के भीतर करने अनिवार्य होगा।
16. किसी भी दशा में ग्राहक द्वारा Charge-Back हेतु आवेदन/ शिकायत करने पर Charge-Back का उत्तरदायित्व चयनित फ़र्म का ही होगा, जिसमें निगम का कोई भी उत्तरदायित्व नहीं होगा।
17. किसी भी ग्राहक/ पर्यटक द्वारा निगम के पोर्टल से की गई बुकिंग के उपरांत तथा सेवा प्राप्त करने पर किसी भी प्रकार की शिकायत का उत्तरदायित्व चयनित फ़र्म/ कंपनी का होगा।

18. ग्राहक/ पर्यटक द्वारा किसी भी प्रकार का Claim/ Liability का भुगतान का उत्तरदायित्व चयनित फार्म/ कंपनी का होगा एवं गढ़वाल मण्डल विकास निगम इसके लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

19. चयनित फ़र्म द्वारा निगम के ग्राहकों को निगम की अधिकतम इकाइयों, एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल इत्यादि से पिकअप/ ड्रॉप (Pickup-Drop) हेतु सेवाएँ दी जानी अनिवार्य होंगी।

20. चयनित फ़र्म द्वारा निगम के ग्राहकों को राज्य सरकार के परिवहन अनुभाग द्वारा निर्धारित दरों के बराबर अथवा कम दरों पर टॅक्सी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

21. यदि आवेदक फ़र्म के पास अपनी टॅक्सी के अतिरिक्त अन्य प्राइवेट टॅक्सी मालिकों की टॅक्सी आवेदक फ़र्म के साथ अनुबंधित है तो ऐसे अनुबंध की कम से कम 10 (दस ) सत्यापित प्रतियाँ आवेदन पत्र के साथ संचित की जानी आवश्यक हैं।

22. चयनित फ़र्म द्वारा Performance Guarantee के रूप में रु0 1.00 लाख (रुपये लाख मात्र) की Ir-revocable Bank Guarantee/ FDR/ Cash के माध्यम से जमा करनी होगी। Performance Guarantee के रूप में चेक मान्य नहीं होगा।

23. अन्य कोई शर्तें प्रबंध निदेशक महोदय की सहमति से पृथक से दी जा सकती हैं।

## आवेदन करने की प्रक्रिया

इच्छुक फ़र्म/ कंपनी जो आवश्यक आहर्ताएँ पूर्ण करती हो द्वारा Expression Of Interest के संबंध में निर्धारित प्रारूप (Annexure A) पर आवेदन कर सकते हैं तथा आवेदन के साथ निम्न प्रपत्र संलग्न करने आवश्यक हैं।

1. फ़र्म/ कंपनी के पंजीकरण की सत्यापित प्रति।
2. फ़र्म/ कंपनी के PAN की सत्यापित प्रति।
3. फ़र्म/ कंपनी के GSTIN पंजीकरण की सत्यापित प्रति।
4. गत तीन वर्षों के अंतिम खातों/ आय-कर विवरणी की चार्टर्ड अकाउंटेंट से सत्यापित प्रति
5. अन्य कोई प्रपत्र जो आवेदक द्वारा उचित समझे जाएँ।
6. आवेदक फ़र्म किसी भी राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार के किसी भी उपक्रम से Black Listed नहीं का शपथ पत्र देना होगा।

आवेदन पत्र के साथ संचित आवश्यक प्रपत्र ढंग से संचित किए गए हों तथा प्रत्येक पृष्ट पर पृष्ठ संख्या अंकित हो तथा प्रत्येक पत्र पर कंपनयी की सील/ मोहर के साथ अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर किए जाने आवश्यक हैं। आवेदन पत्र एक लिफाफे में सील कर निम्न पते पर निर्धारित तिथि से पूर्व जमा किया जा जाना होगा। लिफाफे के ऊपरी भाग में "Expression of Interest for Online Taxi Booking" अंकित अवश्य किया जाए।

प्रधान प्रबन्धक (पर्यटन)<br>
गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0<br>
74/1 राजपुर रोड, देहारादून। 248001<br>
उत्तराखंड।

## चयन की प्रक्रिया

24. आवेदन करने वाली फ़र्म/ कंपनी की जांच करने पर जो फ़र्में / कंपनियाँ आवश्यक न्यूनतम आहर्ताएँ पूर्ण करती हों एवं इस प्रपत्र में दी गयी शर्तों से सहमत हैं को प्रारम्भ में यात्रा सीजन शुरू होने तक अथवा फ़र्म के चयन के तीन माह तक कार्योजित किया जाएगा।

25. एक अथवा एक से अधिक फर्मो/ कंपनियों को चयनित किया जा सकता है।

26. किसी भी आवेदक की आहर्ताएँ पूर्ण होने पर आवश्यक नहीं है की उसका चयन आवश्यक होगा। चयन करना प्रबंध द्वारा निर्णय लिया जाएगा जो की आवेदक को मान्य होगा।

27. निगम प्रबंध की टीम द्वारा अवश्यकता पड़ने पर टॅक्सी फ्लीट का निरीक्षण किया जा सकता है।

28. अल्पकालिक कार्योजन के पूर्ण होने पर जो फ़र्में / कंपनियों की सुविधाएं संतोषजनक पायी जाएंगी एवं जिनके द्वारा समस्त शर्तों का पालन किया जाएगा को आगामी एक वर्ष हेतु कार्योजित किया जा सकता है।

---------------------

Annexure – A

(To be printed on official stationery of the Applying Firm/ company)

To,

The Managing Director
GMVN Ltd.
74/1 Rajpur Road, Dehradun, 248001
Uttarakhand

Dear Sir,

In reference to the notice published in Rashtriya Sahara News Paper on 28-02-2024 and the web site of GMVN Ltd, we wish to express our interest to apply for the Taxi service through your web portal. The necessary details of our firm are as below.

1- Name of the applying Firm : ....................................................................................................
2- Corporate Address of the firm : ....................................................................................................
....................................................................................................
3- No. of Certificate of Registration : ....................................................................................................
4- Contact person : ....................................................................................................
5- Contact no : ....................................................................................................
6- Toll free no for customers : ....................................................................................................
7- Official Email ID. : ....................................................................................................
8- No. of taxis in the fleet : ....................................................................................................
   a. No. Taxis owned by the firm :....................................
   b. No of taxis associated with the Firm :....................................
   (In case of association of private owner with the firm, it is mendatory to provide copy of valid agreement)
9- Total no. of years of operation as transport firm/ Company ..........................................................
10- Proof of online Payment system : ....................................................................................................
11- Name of Payment gateways installed for online payment .................................................. ...........

Kindly consider our application for the online taxi services through your web portal. We accept all the terms and conditions mentioned in the EOI published by GMVN Ltd.

Please find attached all the necessary document as required.

Attachments :

1- Copy of Firm's registration
2- Copy of PAN
3- Copy of GSTIN
4- Copies of Certified final accounts/ITRs for past three years
5- Copies of Agreements with Private Taxi owners.
6- Any other document/s

(Signatures)

Date:

Name & designation of authorised signatory : ..........................................................................................

Official Seal of the firm